पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / विविध–12 / 2016 सो० 1347
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

डॉ. प्रतिमा,
अपर मिशन निदेशक।

सेवा में,

प्रबंधक निदेशक,
बेल्ट्रॉन,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 18/08/2021

विषयः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अन्तर्गत कार्यपालक सहायक के जिलास्तरीय पैनल से अन्य कार्यालयों में नियोजित कार्यपालक सहायकों को नियोजनमुक्त किये जाने की स्थिति में उनके पुनर्नियोजन की दिशा में कार्रवाई बेल्ट्रॉन द्वारा किये जाने के संबंध में।**

प्रसंगः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी का पत्रांक–400, दिनांक–23.02.2021**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि दिनांक–05.02.2021 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी की शासी परिषद की 29वीं बैठक की कार्यावली बिंदु–6 में निर्णय लिया गया है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अन्तर्गत कार्यपालक सहायक के जिलास्तरीय पैनल से अन्य कार्यालयों में नियोजित कार्यपालक सहायकों को नियोजनमुक्त (अनुशासनिक कारणों से नियोजन मुक्त कर्मियों को छोड़कर) किये जाने की स्थिति में उनके पुनर्नियोजन की दिशा में कार्रवाई के क्रम में इन कार्यपालक सहायकों का दक्षता परीक्षा आयोजित किया जायेगा तथा सफल अभ्यर्थियों को बेल्ट्रॉन के पैनल में शामिल किया जायेगा। इस क्रम में इन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता में छूट दी जयेगी।

अतः अनुरोध है कि नियोजनमुक्त (अनुशासनिक कारणों से नियोजन मुक्त कर्मियों को छोड़कर) कार्यपालक सहायकों के लिए दक्षता परीक्षा आयोजित करने तथा उक्त क्रम में अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
18/8/21
(डॉ० प्रतिमा)
अपर मिशन निदेशक

ज्ञापांक– **बि०प्र०सु०मि०सो० / विविध–12 / 2016 सो० 1347 दिनांक** 18/08/2021
प्रतिलिपिः– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

18/8/21
अपर मिशन निदेशक

512D:\PREM Office\AMD LETTER.docx